शनिवार
11 अप्रैल 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 77
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# बाइक में आग लगने से 2 युवक जिंदा जले

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सड़क दुर्घटना में देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक में आग लग गयी। जिसके चलते घायल हुए दोनों युवकों की मौके पर ही जलकर मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

सड़क हादसे का यह मामला बहादराबाद थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के समीप का है। जानकारी के अनुसार अलीपुर निवासी राहुल पुत्र रामवीर और राजकमल पुत्र राजेंद्र कुमार एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि गांव से कुछ दूरी पहले ही किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उसमें तुरंत आग लग गई। आग की लपटों में घिरने पर वाहन की टक्कर से लगी गंभीर चोटों के चलते दोनों युवक खुद को बचा नहीं सके और मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई।



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह जलती हुई बाइक से दोनों युवकों के शवों को अलग किया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बन गया है।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर बहादराबाद थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। थाना प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन और चालक की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद मृतकों के पूरे अलीपुर गांव में मातम का माहौल व्याप्त है।

# छात्रसंघ समारोह कार्यक्रम में डीएवी कालेज में चले चाकू, एक घायल

हमारे संवाददाता

देहरादून। डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून में आज छात्र संघ समारोह के दौरान उस समय अफरातफरी मच गई, जब छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक छात्र पर चाकू से हमला कर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए थे, सीएम का काफिला निकलते ही हुई इस घटना से हड़कंप मच गया और पंडाल में मौजूद छात्र-छात्राओं के बीच भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घायल छात्र को कॉलेज की डिस्पेंसरी ले जाया गया, जहाँ उसे प्राथमिक उपचार दिया गया है।

जानकारी के अनुसार चाकूबाजी की यह घटना आज दोपहर करीब 12.30 बजे की है। कॉलेज परिसर में छात्र संघ समारोह के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। मंच के सामने बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हरियाणवी गायक मासूम शर्मा के गीतों पर नृत्य कर रहे थे। इसी दौरान छात्रों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस हंगामे के दौरान गौरव नाम के एक छात्र पर धारदार चाकू से वार कर दिया गया।






चाकू लगते ही गौरव जमीन पर गिर पड़ा और समारोह में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में घायल छात्र को कॉलेज डिस्पेंसरी पहुँचाया गया। घायल गौरव कुमार ने बताया कि वह मंच के सामने गाने पर डांस कर रहा था, तभी एक अज्ञात छात्र अचानक आया और उस पर हमला कर दिया। गौरव मूल रूप से गजरौला, उत्तर प्रदेश का निवासी है और वर्तमान में देहरादून में एक पीजी में रहकर पढ़ाई कर रहा है। इस बीच मंच पर प्रस्तुति दे रहे मासूम शर्मा ने हालात बिगड़ते देख कार्यक्रम बीच में ही रोक दिया और वहां से रवाना हो गए।

समारोह में मुख्यमंत्री की मौजूदगी के कारण सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, लेकिन उनके जाते ही व्यवस्थाएं ध्वस्त नजर आईं।

कैंपस में चाकू पहुँचने और सरेआम हुई इस घटना ने पुलिस प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन की सुरक्षा चौकसी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# शैलजा की सिपाहियों को नसीहत

अपने पांच दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आई कांग्रेस प्रभारी शैलजा ने हल्द्वानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तमाम उन नेताओं को जो स्वयं को कांग्रेस का सेनानी बताते हैं तथा उन नेताओं को जो अपने आप को किसी सेनानी का सिपाही बताते हैं एक कठोर संदेश दिया है। उनका कहना है कि जो नेतागण मंच पर बैठे हैं उन्हें मंच पर बैठे रहने का अधिकार किसने दिया है? उन्होंने कहा कि हम सभी कांग्रेसी नेताओं को अपने-अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। उन्होंने अपनी बात का आशय थोड़ा और साफ करते हुए कहा कि इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी नेता का सिपाही होने पर उसे टिकट मिल जाएगा और ऐसा भी नहीं होगा कि जिसे टिकट नहीं मिलेगा तो वह पार्टी के लिए काम छोड़कर बैठ जाएगा। कुमारी शैलजा ने यह बात भले ही सभी नेताओं के लिए समान रूप से कही हो लेकिन इस दौर में संजय नेगी को पार्टी में शामिल न किए जाने को लेकर चल रही हरीश रावत की नाराजगी से ही जोड़कर देखा जा रहा है। कुमारी शैलजा ने अभी से साफ कर दिया है कि कोई भी नेता इस गलतफहमी में न रहे कि उसका टिकट तो पक्का है क्योंकि वह किसी नेता विशेष का सिपाही है। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता आपसे यह उम्मीद करती है कि हमारी सरकार होगी तो हम जनता के लिए काम करेंगे हमें किसी नेता का सिपाही नहीं बनना है हम सबको कांग्रेस का सिपाही बनना है हमें चाहे टिकट मिले न मिले हमें कांग्रेस के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ एक होता है। मंत्री कई होते हैं और विधायक भी कई होते हैं टिकट पाने की इच्छा भी तमाम लोगों की होती है। उनका साफ कहना है कि हमारी मंशा सिर्फ कांग्रेस का सिपाही होने की ही होनी चाहिए कौन कब क्या बन जाता है यह अलग बात है कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं को भी शैलजा के इस बयान का मतलब समझने की जरूरत है खास तौर पर उन नेताओं को जो सिर्फ अपनी कांग्रेस में ज्वाइनिंग को ही टिकट की गारंटी माने बैठे हैं। शैलजा ने अपने बयान में उन नेताओं को चेतावनी दी है जो स्वयं को हरीश रावत का सिपाही बताते हुए संजय नेगी के ज्वाइनिंग के मुद्दे पर कांग्रेस को हराने की और सामूहिक इस्तीफे की बातें कर चुके हैं। संजय नेगी और हरीश रावत का प्रकरण अभी समाप्त नहीं हुआ है भले ही उनका राजनीतिक अवकाश समाप्त हो गया हो। हरीश रावत अपनी मीडिया पोस्ट में साफ लिख रहे हैं कि कुछ लोगों द्वारा उन्हें नीचा गिराने के निरंतर असफल प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन वह अभी भी एक जीत के तलबगार हैं। अवकाश समाप्त होने के बाद वह कुमारी शैलजा से मुलाकात और बात करेंगे इस बारे में अभी पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता है भले ही वह खुद उन्हें गुलदस्ता भेंट करने की बात कह चुके हैं। प्रीतम सिंह से उनकी बंद कमरे में 3 घंटे लंबी बातचीत के बाद संजय नेगी भी प्रीतम सिंह से मिल चुके हैं। उधर गणेश गोदियाल भी संजय नेगी की ज्वाइनिंग पर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं आने वाले दो दिनों में शैलजा की मौजूदगी में इस प्रकरण का कोई यथोचित हल भले ही कांग्रेस निकाल ले लेकिन प्रारंभिक दौर में ही कांग्रेस नेताओं के बीच अदावत की जो लकीरें हरीश रावत की नाराजगी से खिच चुकी है उसने कांग्रेस की उस बढ़त और उस उत्साह पर पानी जरूर फेर दिया जो 6 लोगों की ज्वाइनिंग के बाद देखी जा रही थी। आगे क्या होने वाला है? इसके बारे में कोई भविष्यवाणी तो नहीं की जा सकती है लेकिन चुनाव से ऐन पूर्व कांग्रेस नेताओं के बीच जो कुछ भी चल रहा है वह कांग्रेस के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। इस प्रकरण से कांग्रेस को एक डेंट तो लग ही गया है। भले ही आगे कुछ भी हो।

# किसान यूनियन प्रधानमंत्री का काली पट्टी बांधकर करेंगी विरोध



संवाददाता

देहरादून। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने कहा कि किसान यूनियन प्रधानमंत्री के 14 अप्रैल आगमन पर किसान यूनियन काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगी। आज यहां परेड ग्राउंड स्थित एक क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने कहा कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री को किसानों की समस्याओ से अवगत करायेंगे और काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को दिव्यांशु जटराणा की दबंगों द्वारा हत्या कर दी गयी अभी तक उसके हत्यारे पुलिस की पकड से दूर है भारतीय किसान यूनियन तोमर मांग करता है कि जल्द से जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाये। उन्होंने कहा कि जनपद हरिद्वार में बिजली विभाग मनमानी कर रहा है।

# कैंट में बैसाखी महोत्सव की धूम, युवा कांग्रेस को मिला सम्मान और समर्थन

संवाददाता

देहरादून। कैंट विधानसभा क्षेत्र में बैसाखी मोहत्सव को धूमधाम से मनाया गया।

आज यहां कैंट विधानसभा क्षेत्र के बल्लीवाला क्षेत्र स्थित वेडिंग पॉइंट में आयोजित भव्य बैसाखी महोत्सव 2026 हर्षोल्लास, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक विविधता के रंगों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सपरिवार सहभागिता कर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक मंगलध्वनि एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद पंजाबी लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंजाबी लोक गीतों की मधुर प्रस्तुतियां और भांगड़ा एवं गिद्धा जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों ने पूरे पंडाल को झूमने पर मजबूर कर दिया। पौराणिक थीम एवं सांस्कृतिक झलकियों पर आधारित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। बैसाखी पर्व की खुशियों को साझा करते हुए उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया और पूरा परिसर उमंग और उल्लास से सराबोर हो



गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि बैसाखी का पर्व खुशहाली, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक है, और इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हमारी परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि कैंट विधानसभा में इस प्रकार का सांस्कृतिक समागम क्षेत्र की एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई दी। राष्ट्रीय संचार सचिव वैभव वालिया ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है और इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर उत्तराखंड युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, राष्ट्रीय संचार सचिव वैभव वालिया एवं प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन रमोला, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहित मेहता मोनी, प्रदेश महामंत्री स्वाति नेगी, रविन्द्र सिंह रैना जूनियर, वंदना राही, जतिन कौशल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, शुभम सैनी, कैन्ट विधानसभा अध्यक्ष कार्तिक बिरला, उपाध्यक्ष सैफ, राजपुर विधानसभा उपाध्यक्ष अमरदीप सिंह, वैभव सोनकर,

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# न्याय तक समान पहुंच पर मंथन आज से

संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तराखंड, नैनीताल के सहयोग से नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

आज यहां न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ, समावेशी और जनोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 11 एवं 12 अप्रैल, 2026 को देहरादून स्थित ताज होटल में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तराखंड, नैनीताल के सहयोग से नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का केंद्रीय विषय "न्याय तक पहुँच को सुदृढ़ बनाना" निर्धारित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून की सचिव श्रीमती सीमा डुँगराकोटी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में भारत के सर्वोच्च न्यायालय एवं विभिन्न उच्च

### ❑नॉर्थ जोन क्षेत्रीय सम्मेलन में जुटेंगे देशभर के न्यायाधीश व विधिक विशेषज्ञ

न्यायालयों के माननीय न्यायाधीशगण सहभागिता करेंगे। विशेष रूप से, भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश की गरिमामयी उपस्थिति इस आयोजन को विशिष्ट महत्व प्रदान करेगी। दो दिवसीय सम्मेलन में न्याय तक समान एवं प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने, विधिक सेवा तंत्र को सुदृढ़ बनाने, कारागार सुधार, अंडरट्रायल बंदियों के अधिकारों की सुरक्षा तथा मानव-केंद्रित विधिक सहायता को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में न्यायिक अधिकारी, विधिक विशेषज्ञ एवं नीति-निर्माता अपने अनुभव, नवाचार एवं सुझाव साझा करेंगे, जिससे न्याय व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में ठोस पहल संभव हो सकेगी। यह सम्मेलन न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने, विधिक सेवाओं की पहुँच को अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने तथा न्यायिक तंत्र में जन-विश्वास को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जनगणना अभियान में बने सहभागी: भट्ट

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा ने प्रदेश में शुरू जनगणना अभियान की स्व गणना प्रक्रिया का स्वागत करते हुए जनता से बढ़चढ़ कर भागेदारी की अपील की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इसे उत्तराखंड के भविष्य की आदर्श तैयारी की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार राज्य के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास को पहुंचा रही है। भविष्य में ये विकास और जनकल्याण की योजनाओं का अधिक प्रभावी तरीके से लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले, उसके लिए अधिकृत तात्कालिक जमीनी आंकड़े और जानकारियों का आना भी जरूरी है। ऐसे



### ●कहा-भविष्य के उत्तराखंड की तैयारी में निर्णायक होंगे आंकड़े
### ●जनगणना से एकीकृत आंकड़ों से बेहतर कल का होगा निर्माण

ही राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए जनगणना की संविधानिक प्रक्रिया समूचे देश में करायी जा रही है, जिसके क्रम में शुरुआती चरण में स्व गणना प्रक्रिया आज से राज्य में प्रारंभ हुई है। इनके माध्यम से प्राप्त दस्तावेजी आंकड़े राज्य में भी भविष्य की नीतियों के निर्माण में मील का पत्थर साबित होने वाले हैं।

उन्होंने प्रदेशवासियों को सतर्क करते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों एवं अनधिकृत सूचनाओं पर ध्यान न दें। सभी एकमत से राष्ट्र एवं राज्य निर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग दें। इसके साथ ही एक मजबूत और समृ( उत्तराखंड के निर्माण के लिए सही जानकारियों और आंकड़ों का होना भी अनिवार्य है। वहीं जनता को भी विश्वास दिलाया कि उनकी साझा की गईं जानकारी पूरी तरह से सुरक्षित होंगी और इसका उपयोग केवल कार्यों और योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा।

## एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने पुलिस कार्यालय सभागार में जनपद की मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। एसपी ने विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने केदारनाथ यात्रा की तैयारियों पर प्रभारियों से जानकारी ली और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी प्वाइंटों का निर्धारण करते हुए चार्ट के अनुसार ड्यूटी करें। उन्होंने प्रभारी साइबर सेल को हेलिकॉप्टर के टिकटों के नाम पर होने वाली ठगी पर विशेष नजर रखें। एसपी ने कहा कि नशा एवं अवैध तस्करी पर कसंजा कसें। उन्होंने कोतवाली प्रभारियों व एसओजी टीम को सतर्क रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण चिह्नित कर वाहन पार्किंग में ही खड़ा कराएं। उन्होंने महिला एवं जन सुरक्षा, सत्यापन अभियान तेज करने के लिए कहा। इस अवसर पर ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी ऋचा कोटियाल, पुलिस उपाधीक्षक विकास पुण्डीर, पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी वेद प्रकाश भट्ट, यातायात निरीक्षक कैलाश शर्मा और निरीक्षक संचार प्रमोद पेटवाल आदि उपस्थित रहे। 17 पुलिस कार्मिक सम्मानित- अपराध समीक्षा बैठक के दौरान विगत माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 पुलिस कार्मिकों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें निरीक्षक सुरेश बलूनी, राकेंद्र कठैत, मनोज नेगी, उपनिरीक्षक कुलदीप पन्त, महेश रावत, रणजीत खनेड़ा, जयवीर सिंह, मुकेश डिमरी, अपर उपनिरीक्षक जावेद अली, मुख्य आरक्षी नवनीत सिंह, आरक्षी विनय पंवार, महेश देवेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, दीपक नौटियाल आदि थे।

## पहाड़ के लोगों को उनके हकहकूकों से ही रखा वंचित

चमोली(आरएनएस)। उत्तराखंड क्रांति दल की गढ़वाल संवाद यात्रा गोपेश्वर पहुंची। इस दौरान उक्रांद के आशीष नेगी ने कहा कि राज्य गठन के 26 वर्ष से हम अपनी ही धरती से निकलने वाले नौले के पानी का भी टैक्स दे रहे हैं। यह उत्तराखंड के लोगों का दुर्भाग्य है। गोपेश्वर बस स्टेशन तिराहे पर आयोजित कार्यक्रम में उक्रांद युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष नेगी ने कहा कि साजिश के तहत पहाड़ के लोगों को उनके हकहकूकों से वंचित रखा गया। जो औषधि हमारे पहाड़ में उगती है उसका दोहन हम क्यों नहीं कर सकते। जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा-कांग्रेस ने राज्य गठन के बाद से लोगों को गुमराह करके रखा है। पहाड़ तभी विकास करेगा जब गैरसैंण स्थायी राजधानी बनेगी। उन्होंने कहा कि उक्रांद मजबूत होगा तो उत्तराखंड का आम आदमी मजबूत होगा। कार्यक्रम में उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री बृजमोहन सिंह सजवाण, जिलाध्यक्ष युद्धवीर नेगी, व अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। वहीं इससे पहले यात्रा कर्णप्रयाग पहुंची थी। इस दौरान आशीष नेगी ने बताया कि उत्तराखंड क्रांति दल को प्रदेश का अस्तित्व बचाने के लिए सत्ता में आना होगा। गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाना ही होगा। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह रावत, नवीन नवानी आदि मौजूद रहे।

## चार अक्षरों का कोड भेजकर युवक का फोन किया हैक

चमोली(आरएनएस)। साइबर ठगों ने नगर क्षेत्र के एक युवक का मोबाइल हैक कर ठगी कर ली। युवक के व्हाट्सएप पर चार अक्षरों का कोड आया। युवक ने उसे व्हाट्सएप अपडेट समझकर क्लिक कर दिया और उसका फोन हैक हो गया। ठगों ने युवक के व्हाट्सएप से जुड़े लोगों को मैसेज कर दुर्घटना होने की बात कही और पैसे की गुहार लगाई। साइबर ठगों की ओर से दिए गए क्यूआर कोड पर लोगों ने 24 हजार रुपये भी डाल दिए। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की और सेटिंग के जरिये व्हाट्सएप को डबल लॉक किया। युवक ने बताया कि फोन हैक होने के बाद व्हाट्सएप ने काम करना बंद कर दिया और किसी परिचित के बताने पर उन्हें पूरे मामले की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत की और व्हाट्सएप पर कुछ सेंटिंग भी बदली। वहीं थाना प्रभारी विनोद थपलियाल ने बताया कि साइबर ठगी होने पर तुरंत 193 पर शिकायत दर्ज कराएं। व्हाट्सएप पर कोई कोड आए तो उसे न खोलें।

## प्रधानों की बैठक में उठा भुगतान और पंचायत भवनों की मरम्मत का मुद्दा

हल्द्वानी(आरएनएस)। जिला प्रधान संगठन की कार्यकारिणी बैठक का गुरुवार को आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गोपाल अधिकारी ने की। बैठक में जिले के सभी विकासखंडों के प्रधान संगठन अध्यक्ष उपस्थित रहे और ग्राम पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।ब्लॉक अध्यक्षों ने एक स्वर में कहा कि नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के बावजूद ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। पंचायतों के खातों के अपडेट न होने से ठेकेदारों और कार्यदाताओं का भुगतान लंबित है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ग्राम पंचायतों के खातों को शीघ्र अपडेट कर भुगतान प्रक्रिया शुरू की जाए। मनरेगा के तहत श्रमिकों और निर्माण सामग्री के भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। पदाधिकारियों ने बताया कि भुगतान में देरी से मजदूरों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कई स्थानों पर कार्य ठप होने की स्थिति बन रही है। इसके अलावा पंचायत भवनों की जर्जर स्थिति पर भी चिंता जताई गई। बताया गया कि जिले के विभिन्न विकासखंडों में करीब 8 प्रतिशत पंचायत भवन मरम्मत की कगार पर हैं। संगठन ने प्रस्ताव रखा कि जिला योजना के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन की मरम्मत के लिए छह लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की जाए। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष जेडी कत्यूरा, सुरेन्द्र सिंह, लक्ष्मण गंगोला, मदन परगाई, नवीन सती, नंदन बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कॉमर्शियल गैस किल्लत से व्यवसाय छोड़ने को मजबूर फास्ट फूड, ठेली, ढावे वाले

विकासनगर(आरएनएस)। पछुवादून में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत लगातार बनी हुई है। सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण फास्ट फूड, ठेली, छोटे ढाबे वाले अपना व्यवसाय बंद कर अन्य विकल्प तलाशने को मजबूर हो गए हैं। कुछ अपनी दुकान बंद कर सिलेंडर के जुगाड़ में इधर से उधर भटक रहे हैं। अन्य लोग भी अब लकड़ी, इंडक्शन, डीजल भट्टी से किसी तरह से अपना व्यवसाय चलाने को मजबूर हैं। इरान, इजरायल और अमेरिका युद्ध के बाद पूरे देश में उपजा गैस संकट फिलहाल पटरी पर नहीं आ पा रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर लोगों को अब किसी न किसी तरह से उपलब्ध हो रहा है, लेकिन कॉमर्शियल गैस सिलेंडर अभी भी लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। जिन लोगों को मिल भी रहे हैं, वह भी महंगे दामों पर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर खरीदने को मजबूर हैं।कॉमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण छोटे मोटे फास्ट फूट विक्रेता, ठेली, खोमचे वाले अब अपना धंधा छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। विकासनगर में ही एक दर्जन से अधिक फास्ट फूड, कड़ी चावल और अन्य गैस आधारित दुकानें बंद चुकी हैं। यह लोग अब दूसरा व्यवसाय शुरू करने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं।विकासनगर में अस्पताल रोड पर रिया फूड के नाम से संचालित छोटी दुकान पर कई दिनों से ताला लटका है। पूछताछ में आसपास के लोगों ने बताया कि सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण उन्हें दुकान बंद करनी पड़ी। संचालिका मीनू ने बताया कि अब वह किसी अन्य व्यवसाय को शुरू करने की सोच रही है।वहीं डाकपत्थर रोड पर फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले अर्जुन सिंह की जौनसाी फास्ट फूड की दुकान पर भी पिछले दो हफ्ते से अधिक समय से बंद है। उन्हें भी सिलेंडर उपलब्ध नही हो पाया। जिसके कारण फिलहाल दुकान बंद हैं। अर्जुन सिंह भी इस बात का इंतजार कर रहे हैं सिलेंडर उपलब्ध हो जाए। तभी वह दोबारा से दुकान खोलेंगे।इसी तरह से मेन मार्केट में बिजेंद्र भी ठेली लगातार फास्ट फूड और कढ़ी,राजमा चावक की ठेली लगाते थे। लेकिन पिछले एक हफ्ते से उनकी ठेली बंद है। पास के दुकानदार से पूछा तो कहा कि एक हफ्ते से ठेली बंद है, क्योंकि उनका सिलेंडर खत्म हो गया था।सिलेंडर उपलब्ध न होने पर लकड़ी का सहाराकॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण अब होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे वाले लकड़ियों का सहारा ले रहे हैं। जिससे कि उनका कमाई का साधन बंद न हो। मैन रोड पर दाल, चावल, कढ़ी, पराठे का काम करने वाले सुरेंद्र बताते हैं कि एक सिलेंडर उनके पास है। उसमें भी कामी कम गैस बची है। इसलिए वह अब लकड़ियों में खाना पका रहे हैं। कहा कि यही उनका रोजगार है। इसलिए वह इसे बंद नहीं कर सकते। अस्पताल रोड पर ढाबा चला रही ल?क्ष्मी थापा ने बताया कि पहले डीजल भट्टी से खाना पकाया, लेकिन वह भी महंगा पड़ रहा है। इसलिए वह भी अब लकड़ियों में खाना पका रही है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की मंडल कार्यकारिणी घोषित

हल्द्वानी(आरएनएस)। भाजपा ओबीसी मोर्चा ने गुरुवार को मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। यह नियुक्तियां भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट और ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी विनीत अग्रवाल के दिशा-निर्देशों पर की गई हैं।नगर अध्यक्ष अतुल जायसवाल ने बताया कि मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय की संस्तुति और मंडल प्रभारी गणेश पंत एवं ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप की सहमति के बाद पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगाई गई है। जीवन गोस्वामी, रामजीत पटेल, दीपक राठौर को उपाध्यक्ष, प्रेम सिंह श्रीवास्तव, सुमित साहू को महामंत्री, जबकि अशोक कश्यप, ऊषा रस्तोगी और विजय साहू को मंत्री बनाया गया। अजय वर्मा को मीडिया संयोजक, विशाल राजपूत को सोशल मीडिया संयोजक, राजेश साहू को कोषाध्यक्ष, सुजीत साहू को आईटी संयोजक बनाया। इसके अलावा कार्यकारिणी में अरविन्द जायसवाल, अजय गुप्ता, बीना साहू, कुनाल सिंह राजौरिया, शुभम मौर्या, अनुराग रस्तोगी, सीमा राठौर और बृजेश प्रजापति को कार्यसमिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## टीएचडीसी अरुणाचल में बनायेगी 1200 मेगावाट की परियोजना

ऋषिकेश(आरएनएस)। अरुणाचल प्रदेश में 1200 मेगावाट की क्षमता वाली वाली जलविद्युत परियोजना का निर्माण टीएचडीसीआईएल और अरुणाचल सरकार संयुक्त उद्यम कंपनी के जरिए पूरा करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत 14,105.83 करोड़ रुपये है। टीएचडीसी के मुख्य महाप्रबंधक (कारपोरेट संचार) डॉ. एएन त्रिपाठी ने बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए निवेश प्रस्?ताव को मंजूरी दे दी है। परियोजना का निर्माण अरुणाचल प्रदेश के अंजा जिले में लोहित नदी पर किया जाएगा। इसके पूरा होने की अनुमानित अवधि 78 महीने है। परियोजना से प्रति वर्ष 4852.95 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली उत्पादन होगा। लोहित बेसिन की पहली जलविद्युत परियोजना के रूप में, यह राज्य में बिजली आपूर्ति में सुधार लाएगी। बिजली की अधिक मांग वाले समय में प्रबंधन में सहायता करेगी और राष्ट्रीय ग्रिड के संतुलन में योगदान देगी। इस परियोजना में राज्य को 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली प्राप्त होगी। साथ ही एक प्रतिशत अतिरिक्त बिजली स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए निर्धारित की जाएगी।

## प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

कोटद्वार(आरएनएस)। तहसील सभागार में जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों व सुपरवाइजरों को जनगणना में प्रयुक्त संकल्पनाओं और परिभाषाओं की विस्तृत व्याख्या की गई। फील्ड ट्रेनर शिक्षक उमेश वर्मा व जिला विकास प्राधिकरण की अवर अभियंता शब्बू ने एप के माध्यम से उत्तर भरने, डेटा सत्यापन करने, स्वगणना में पर्यवेक्षकों व प्रगणकों की भूमिका, डेटा सुरक्षा एवं एप के उपयोग में बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व बीते दिन दी गई जानकारी की समीक्षा की गई। साथ ही प्रगणक, पर्यवेक्षक से प्रश्नोत्तरी कर उत्तरों का विश्लेषण किया गया। स्वगणना पोर्टल की जानकारी से भी अवगत कराया गया। इस मौके पर जनगणना निदेशालय उत्तराखंड से मास्टर ट्रेनर शिव कुमार ने प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस मौके पर चार्ज अधिकारी नायब तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद सनवाल, आरके देवकीनंदन नौटियाल, दीपक बेदवाल ने भी जानकारियां दी।

## उत्तराखंड में 69 काउंटर पर होगा तीर्थयात्रियों का पंजीकरण

ऋषिकेश(आरएनएस)। चारधाम यात्रा का ऑफलाइन पंजीकरण आधार कार्ड से होगा। पंजीकरण होने के बाद उन्हें एक कार्ड दिया जाएगा, जिसे स्कैन करने पर यात्रियों का पूरा रिकॉर्ड रजिस्ट्रेशन एजेंसी की साइट पर उपलब्ध होगा। विदेशी यात्री ई-मेल आईडी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की सुविधा पा सकेंगे। वहीं, चारधाम की यात्रा करने के लिए कोई की कोई सीमा नहीं रखी गई है। हर आयु का व्यक्ति धामों के दर्शन के लिए जा सकता है। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों के लिए 69 ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर की सुविधा इस बार सरकार ने की है। इसमें हरिद्वार स्थित ऋषिकुल मैदान में 2, ऋषिकेश के चारधाम ट्रांजिट केंद्र और यात्रा बस अड्डे पर 34 काउंटर होंगे। इनमें चार काउंटर श्रीहेमकुंड गुरुद्वारा में संचालित किए जाएंगे। विकासनगर के नया गांव में आठ और हरबर्टपुर में सात काउंटर स्थापित किए गए हैं।आश्रम-धर्मशालाओं में ठहरे बुजुर्ग यात्रियों के लिए 3 मोबाइल टीम भी ऋषिकेश में तैनात की जा रही हैं। यह टीम यात्रियों के पास जाकर उनका रजिस्ट्रेशन करेंगी। ज्यादा भीड़ होने पर काउंटरों पर 24 घंटे रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन के ओएसडी डॉ. प्रजापति नौटियाल ने बताया कि पिछले वर्ष की यात्रा में इतने काउंटर की व्यवस्था की, जो कि इस वर्ष भी पर्याप्त रहने की संभावना है। बावजूद जरूरत पड़ती है तो काउंटरों की संख्या को बढ़ाने के लिए भी अतिरिक्त इंतजाम हैं। हरिद्वार, विकासनगर और ऋषिकेश में यात्री पड़ाव की भी व्यवस्था की गई है, जिससे कि पर्वतीय क्षेत्रों में रूट संबंधित परेशानी पर यात्रियों को विश्राम की सुविधा दी जा सके।ऋषिकेश में 1875 बसों का इंतजामतीर्थयात्रियों को चारधाम और श्रीहेमकुंड साहिब की यात्रा कराने के लिए हर साल की तरह इस बार भी निजी परिवहन कपंनियों ने संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति का गठन किया है। दशकों से यात्रा संपन्न करा रही समिति में बीते वर्ष तक नौ निजी परिवहन कंपनियां शामिल थी, लेकिन अब हरिद्वार की बस कंपनी को भी रोटेशन में जोड़ा गया है, जिससे निजी परिवहन कंपनियों पर निर्भर बस स्वामियों व चालक-परिचालकों को भी आर्थिकी बेहतर होने की उम्मीद है।

# बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करें

कभी-कभी बच्चों को अनुशासित रखने या सुधारने के लिए हम कई बार उनसे ऐसी बातें बोल देते हैं, जो उनके कोमल मन पर नकारात्मक छाप छोड़ देती है जिस कारण वो ठीक होने की बजाय ज्यादा खराब हो जाते हैं। उनके दिमाग में वो बातें बैठ जातीं है। यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। मैं भी बचपन में पढाई में ऐसी ही थी जैसी बातें न कहें क्योंकि

इस बात से बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। उसकी जगह बच्चे को कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करें। उन्हें बतायें कि सफलता के लिए अनुशासन सबसे जरुरी है। आगे बढ़ने के लिए कोई शार्टकट नहीं होता।

अधिक अंकों को लेकर दबाव न बनायें : परीक्षा परिणाम आने लगे हैं और ऐसे में अगर बच्चे के अच्छे अंक आये हैं तो उसे और आगे बढ़ने के लिए प्रौत्साहित करें पर कई बार बच्चों के अंक उम्मीद से कम आते हैं यह वे सफल नहीं हो पाते हैं, ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इस दौरान बच्चों का साथ देते हुए मनोबल बढ़ाये और उन्हें निराशा से बचायें भूल कर भी बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से न करें क्योंकि एक बार बच्चा आत्मविश्वास खोएगा तो उसे हासिल करना कठिन हो जाएगा। बच्चों को समझाएं की एक परीक्षा या परिणाम ही सबकुछ नहीं है। जिंदगी में आगे बढ़ने के कई अवसर आयेंगे। उन्हें केवल अपनी कमजोरियों को दूर कर आगे की तैयारी करनी चाहिये। इस दौरान उन्हें सफल लोगों के उदाहरण दें जो अपने शुरुआती शिक्षा में कई बार असफल रहे हैं। ध्यान रहे केवल अधिक अंक ही बेहतर कैरियर की गारंटी नहीं देते। इसके लिए उन्हें व्यवहारिक होने के साथ ही हर स्तर पर बेहतर करना होगा।

पापा से शिकायत: आमतौर पर घरों में पापा की छवि सख्त व्यक्तघ् की तरह बनी होती है। पर बार-बार पापा के नाम की धमकी देकर आप जो बच्चों को अनुशासित करने की कोशिश करती हैं। दरअसल वो उनके मन में पापा के लिए डर पैदा करता है। उनके मन में पापा के लिए सम्मान की जगह खौफ ले लेता है। जिस कारण बच्चा अपने पिता से दूर हो जाता है।

हमेशा ताना ठीक नहीं: बच्चों को बार-बार ताना न दें। बार-बार एक ही बात बोलने और ताना देने से बच्चे ज्यादा गुस्से वाले और चिढ़चिढ़े हो जाते हैं। साथ ही वो जिद्दी भी होने लगते हैं।

बच्चों में तुलना ना करें: कई बार हम अपने बच्चों में ही भेदभाव कर देते हैं। अपने बच्चे की तुलना किसी दूसरे बच्चे से न करें। दूसरा बच्चा आपके बेटे या बेटी से तेज है या खूबसूरत है, इस तरह की तुलना न करें। इससे बच्चों में दूसरे बच्चों को लेकर हीन भावना पैदा होने लगती है।

मोटापे का एहसास ना कराएं: आप डायट पर हैं या अपना वजन घटाना चाहती हैं, यहां तक तो ठीक है। पर यह बात बच्चों के सामने जाहिर न करें। ऐसा करने से बच्चे अपने वजन को लेकर चिंतित हो जाते हैं और खाना ठीक से नहीं खाते। इसलिए बार-बार उनके सामने वेट मशीन पर खड़ी ना हों और ना ही उनसे यह कहें कि आजकल आप वजन घटाने की कोशिश कर रही हैं।

# सेब खाकर नहीं लगाकर बढ़ाएं स्किन की ब्यूटी!

आपने शायद गौर किया होगा कि आपकी स्किन पहले से कहीं ज्यादा हेल्दी दिख रही होगी, मगर वहीं स्किन से चमक गायब होगी। घर से बाहर न निकलने की वजह से हमारी स्किन प्रदूषण और धूल-धूप से बची हुई है, इसलिए स्किन खुद को आसानी से रिपेयर कर रही है। लेकिन कई लोग इस बात को लेकर भी परेशान हैं कि उनकी स्किन अब पहले से कहीं ज्यादा डल दिखने लगी है। तो इसके पीछे एक यह कारण हो सकता है कि आप अपना ज्यादा से ज्यादा समय लैपटॉप और स्क्रीन के सामने बिताती हों। जी हां, स्क्रीन से निकलने वाली ब्यू लाइट हमारी स्किन को डल बना देती हैं, जिससे स्किन की रंगत गायब होने लगती है। यदि आप घर पर ही इसका समाधान चाहती हैं, तो सप्ताह में एक बार चेहरे पर सेब से बना फेस पैक लगा सकती हैं। सेब से बना हुआ फेस पैक आपके चेहरे से खोई हुई रंगत को दोबारा वापस लाने में मदद करेगा। तो चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका...

अगर आपकी स्किन टोन थोड़ी असमान्य है, तो आप आप एक कटोरे में 1 बड़े चम्मच सेब की प्यूरी, 2 चम्मच दही और 1 चम्मच संतरे या नींबू का रस मिलाएं। फिर अपने चेहरे को साफ करें और उस पर यह पैक लगाएं। 20 मिनट के बाद इसे धो लें। दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्किन को एक्सफोलिएट करता है और नींबू का रस झाइयों को मिटाकर ग्लो पैदा करता है। एक कटोरे में सेब की प्यूरी का 1 बड़ा चम्मच डालें और उसमें 3 टी स्पून ओटमील पाउडर और 1 बड़ा चम्मच गर्म दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिक्स करें और देखें कि उसमें किसी प्रकार की गांठ न पड़े। फिर इसे चेहरे पर लगाएं। इस पेस्ट को जितना गाढा लगा सकें, उतना गाढा लगाएं। 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें और धो लें। 1 बड़ा चम्मच पके हुए चावल लें और उन्हें अच्छी तरह से मैश करें। फिर उसमें सेब की प्यूरी 2 चम्मच नारियल तेल मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर लगभग 20 मिनट के लिए छोड़ दें। यदि मास्क सूखना शुरू हो जाता है, जिसका अर्थ है कि आपकी त्वचा इसे सोख रही है, तो एक और परत लगा लें। यह एक प्राचीन एशियन ब्यूटी सीक्रेट है। चावल त्वचा को कोमल, मुलायम और युवा बनाए रखते हैं, जबकि तेल त्वचा को हाइड्रेशन प्रदान करता है।

# बच्चों को चाय पिलाने की गलती कभी न करें!



भारत में अधिकतर लोग अपने दिन की शुरुआत चाय पीकर करते हैं। चाय के बिना सुबह की कल्पना कर पाना भी उनके लिए मुश्किल होता है। कुछ लोग तो ऐसे भी हैं, जिन्हें सुबह उठते ही बेड पर चाय चाहिए होती है। बड़े तो बड़े आजकल छोटे-छोटे बच्चों को भी चाय पीने की आदत लग गई है। उन्हें भी वयस्कों की तरह दो से तीन टाइम चाय चाहिए होती है। कई बार तो माएं भी अपने बच्चों को चाय बिस्किट खिलाती हैं, ताकि उनका पेट भर जाए। हालांकि वह इस बात से अनजान है कि छोटी उम्र में बच्चों को चाय पीलाना कितनी खतरनाक साबित हो सकता है।

अगर आपका बच्चा भी चाय पीने की जिद करता है और आप उसकी यह जिद पूरी कर देते हैं तो यह जान लीजिए कि आप अपने बच्चे की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। दरअसल चाय हो या कॉफी, इन हॉट ड्रिंक्स में ज्यादा मात्रा में कैफीन और शुगर पाया जाता है। कैफीन और शुगर ये दोनों ही चीजें स्वास्थ्य पर बुरा असर डालने का काम करती हैं। इसका असर न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ेगा, बल्कि बच्चे का मानसिक स्वास्थ्य भी बुरी तरह से प्रभावित होगा।

12 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं पिलानी चाहिए चाय

डाक्टर्स का मानना है कि कैफीन वाली मीठी चीजों का सेवन करने से बच्चों के दांतों में सड़न की समस्या पैदा हो सकती है अर्थात कैविटी हो सकती है। सिर्फ इतना ही नहीं, इनका ज्यादा सेवन करने से ज्यादा बार-बार पेशाब जाने की दिक्कत हो सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 12 साल से कम उम्र वाले बच्चों को कैफीन वाली चीजों का सेवन नहीं करने दिया जाना चाहिए। उन्हें न तो चाय दी जानी चाहिए और ना ही कॉफी।

कैफीन का बच्चों पर पड़ता है बुरा प्रभाव, जबकि 12-18 एजग्रुप के लोगों को रोजाना 100 मिलीग्राम से ज्यादा कैफीन नहीं लेना चाहिए। अगर आपने बच्चों को ज्यादा मात्रा में चाय या कॉफी देना जारी रखा तो उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं घेर सकती हैं। उनकी हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। नींद की कमी हो सकती है। चिड़चिड़ापन, डायबिटीज, डिहाइड्रेशन और कैविटी की प्रॉब्लम हो सकती है।

# पूजा-पाठ में नारियल को शुभ और मंगलकारी माना गया है



हिन्दू धर्म के मुताबिक पूजा में नारियल बहुत महत्पूर्ण माना जाता है। घर की पूजा, नए घर क प्रवेश, नई गाडी, नया बिजनेस शुरू करना हो या किसी भी शुभ करना हो नारियल फोडकर किया जाता है। भारतीय सभ्यता में, पूजा-पाठ में नारियल को शुभ और मंगलकारी माना गया है।

महा लक्ष्मी की प्राप्ति में एकाक्षी नारियल का विशेष महत्व है। अमूमन पर नारियल में दो काले बिंदू होते हैं, बहुत कम मात्रा में ऐसे नारियल मिलते हैं जिस पर एक ही काला बिंदू होता है। इसे ही एकाक्षी नारियल कहते हैं। एकाक्षी नारियल घर में स्थायी संपत्ति, सुख और शांति देता है। नारियल को संस्कृत भाषा में श्रीफल कहा गया है। श्री का अर्थ होता है लक्ष्मी। लक्ष्मी के बिना कोई भी शुभ कार्य पूर्ण नहीं हो सकता है इसलिए शुभ कार्यो में नारियल अवश्य ही रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे शुभ कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं आती है।

नारियल ऊपर से सख्त आवरण से ढका होता है इसलिए बाहरी प्रदूषण का इस पर कोई प्रभाव नहीं होता है। यह अंदर से निर्मल और पवित्र होता है। अगर आपको व्यापार में लगातर हानि हो रही हो तो गुरूवार के दिन एक नारियल लेकर सवा मीटर पीले वस्त्र में लपेटे, एक जोडा जनेऊ, सवा पाव पीले मिष्ठान के साथ किसी विष्णु मंदिर में हानि रोकने में प्रार्थना व संकल्प के साथ रख आएं। फिर देखिए कुछ ही दिनों में व्यापार में तेजी आने लगेगी।

जिस घर में पूजित नारियल हो उसे घर में सदस्यों पर तांत्रिक प्रभाव नहीं होते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -097

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 96 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# नगर पंचायत चमियाला में बनेगी वाहन पार्किंग, जाम से मिलेगा छुटकारा

नई टिहरी(आरएनएस)। नगर पंचायत चमियाला में वाहन पार्किंग निर्माण के लिए 1.67 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो गई है। बाजार में वाहन पार्किंग न होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। चारधाम यात्रा के दौरान वाहनों की आवाजाही बढ़ने से स्थिति और खराब हो जाती है।

चमियाला बाजार क्षेत्र के थाती, बसार, आरगढ़, गोनगढ़ और केमर पट्टी के करीब 80 गांव का व्यावसायिक केंद्र है। बाजार में दिनभर खूब चहल-पहल रहती है लेकिन वाहन पार्किंग और बाजार से वाहनों को बाहर निकालने के लिए कोई बाइपास सड़क नहीं होने से बाजार में जाम लगता है। इससे व्यापारियों और पैदल आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चमियाला बाजार की सड़क गंगोत्री और यमुनोत्री धामों को जोड़ती है।

यात्रा सीजन के दौरान यात्री वाहनों की आवाजाही होने के कारण चमियाला में हर दिन घंटों तक पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जाम के कारण जूझना पड़ता है। व्यापारी और स्थानीय लोग लंबे समय से चमियाला में वाहन पार्किंग के निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। नगर पंचायत बनने के बाद चमियाला बाजार का और विस्तार होने से वाहनों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। पार्किंग न होने से लोग सड़क के किनारे अपना वाहन खड़ा कर देते हैं। वाहन पार्किंग के लिए लंबे समय से जगह की तलाश भी की जा रही थी लेकिन उपयुक्त स्थान पर जगह न मिलने के कारण पार्किंग का निर्माण नहीं हो पाया। चमियाला नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा ने कहा कि पूर्व के महिनों में टैक्सी स्टैंड के समीप ही पार्किंग के लिए भूमि चिन्हित की गई थी। पार्किंग बनने के बाद चमियाला बाजार को जाम से राहत मिलेगी।

## सेलाकुई में स्कूल में लाखों का सामान चोरी

विकासनगर(आरएनएस)। सेलाकुई थाना क्षेत्र में स्थित डीडी पब्लिक स्कूल में अज्ञात चोरों ने लाखों का सामान चोरी कर लिया। स्कूल प्रबंधन के तहरीर के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि स्कूल के चेयमैन जितेंद्र सिंह ने तहरीर दी है। बताया कि आठ अप्रैल की रात को चोर विद्यालय परिसर की दीवार फांदकर अंदर घुसे और लाखों रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए।

# मुनिकीरेती में पास सिस्टम से चलेंगे सवारी वाहन

ऋषिकेश(आरएनएस)। चारधाम यात्रा में मुनिकीरेती और आसपास के क्षेत्र में ट्रैफिक को सुचारु रखने के लिए सीओ सुरेंद्र सिंह भंडारी ने सवारी वाहन यूनियनों की बैठक ली।

उन्होंने रामझूला पार्किंग तक आवागमन के लिए ऑटो-टैंपो के लिए पास की व्यवस्था करने की जानकारी दी। बगैर पास के इस तरह के किसी भी वाहन के दौड़ाते मिलने पर चालानी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। शुक्रवार को सीओ ने ट्रैफिक प्लान से अवगत कराते हुए बताया कि एसएसपी श्वेता चौबे के निर्देश पर यह बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें मुनिकीरेती क्षेत्र में ऑटो-टैंपो और मैक्स यूनियन को वन-वे प्लान के अनुसार वाहनों का संचालन करने के निर्देश दिए हैं। रामझूला पार्किंग तक पुलिस की ओर से जारी पास वाले वाहनों को ही आवागमन की इजाजत दी गई है। तपोवन यूनियन के वाहनों को मुनिकीरेती में पीडब्ल्यूडी तिराहे से ब्रह्मानंद मोड होते हुए संचालन के लिए कहा गया है। इस रूट पर भी वाहन चालकों को आवागमन के लिए पास आवंटित होंगे। नीलकंठ धाम जाने वाले मैक्स वाहन लक्ष्मणझूला तिराहे पर पार्किंग नहीं कर सकेंगे। इन वाहनों का संचालन टाइगर पार्किंग में स्लॉट सिस्टम से किया जाएगा। मधुबन आश्रम तिराहे के पास एक दफा में सिर्फ दो मैक्स वाहन ही सवारी के लिए पार्क होंगे। अन्य वाहनों को जानकी सेतु में पार्क कराया जाएगा। मौके पर थानाध्यक्ष प्रदीप चौहान, यातायात निरीक्षक नईम अतहर आदि मौजूद रहे।

## मई-जून में होगी एनएसएस के बी व सी प्रमाणपत्र परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत 18 महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारियों की एक बैठक आहुत की गई।

गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राकेश नेगी अनंत की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी मई-जून में एनएसएस के बी व सी प्रमाणपत्र परीक्षाओं के आयोजन का निर्णय लिया गया। डॉ. नेगी ने बताया कि इसके लिए प्रो. विद्युत बोस की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया जो परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश तैयार करेगी। कहा कई कारणों से यह परीक्षा वर्ष 2019 के बाद आयोजित की जा रही है। बैठक में भारत सरकार के निर्देशानुसार प्राप्त एनएसएस निधि को समयबद्ध तरीके से महाविद्यालयों के संबंधित खातों में स्थानांतरित करने पर भी जोर दिया गया तथा वर्ष 2018 एवं 2022 के लंबित मामलों का निस्तारण किया गया।

## बदरीनाथ में पेयजल योजनाओं की मरम्मत का काम शुरू

चमोली(आरएनएस)। मौसम सामान्य होने के बाद बदरीनाथ धाम में यात्रा तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। जल संस्थान ने पेयजल योजनाओं की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा सार्वजनिक शौचालयों का सुधारीकरण व रंग-रोगन का काम भी किया जा रहा है।

जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अवर अभियंता और एक सहायक अभियंता को पेयजल लाइनों को शीघ्र सुचारु करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ धाम परिसर के साथ ही होटलों में पानी की सप्लाई को यात्रा से पूर्व चालू किया जाना है। धाम में शुद्ध पेयजल के साथ ही यात्रियों के लिए वाटर एटीएम, आरओ प्लांट और सुदृढ़ सीवरेज सिस्टम पर काम किया जा रहा है।अधीक्षण अभियंता ने बताया कि धाम में पेयजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

## मां कुर्मासनी मंदिर क्षेत्र को विकसित करने की मांग

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। ब्लॉक के ग्राम सभा क्वीलाखाल के डिंडा क्षेत्र में स्थित मां कुर्मासनी का प्राचीन मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मगर यह क्षेत्र विकास से दूर है। ग्राम प्रधान दीप प्रकाश भट्ट ने कहा कि क्षेत्र से हिमालय की चोटियां, चौखंबा, त्रिशूल, नंदा देवी, नील पर्वत और बंदरपूं का दृश्य दिखता है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग की टीम को 15 दिनों में क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए कहा था मगर विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने पर्यटन विभाग से शीघ्र स्थल निरीक्षण कर इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने की मांग की।


हमारी जनगणना हमारा विकास

गृह मंत्रालय भारत सरकार

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0003/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी CensusIndia2027

# शोध और नवाचार के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों की भूमिका अहम : डॉ. बीना जोशी

विकासनगर(आरएनएस)। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी प्रगति में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शोध व नवाचार के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों की भूमिका अहम है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय, देहरादून प्रो. डॉ. गोविंद सिंह राजवार, तथा मुख्य वक्ता के रूप में एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि की रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. बीना जोशी रही। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बौद्धिक संपदा अधिकारों की जानकारी वैज्ञानिक शोध, नवाचार और तकनीकी उन्नति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

शोध कार्यों, आविष्कारों तथा मौलिक विचारों की सुरक्षा के लिए इस विषय की समझ विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अकादमिक जगत में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ शोध संस्कृति को भी सुदृढ़ करती हैं।कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञों ने बौद्धिक संपदा अधिकार, शोध संरक्षण, नवाचार और वैज्ञानिक उपलब्धियों के विधिक एवं व्यावहारिक पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. दीपक भट्ट, डॉ. कमल कुमार बिष्ट तथा डॉ. आशीष रतूड़ी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में डॉ. अरविंद कुमार अवस्थी एवं डॉ. रोशन लाल केष्टवाल ने सत्राध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।संचालन डॉ. राजकुमारी भंडारी चौहान एवं डॉ. आराधना भंडारी ने किया। इस अवसर पर श्री भगवती प्रसाद कोठियाल, श्री अजय मोहन, अनमोल पैन्यूली, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राधेश्याम गंगवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकगण, शोधार्थियों, छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों ने कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता की। संपूर्ण आयोजन अत्यंत गरिमामय, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा।

## घर पर प्रसव शून्य करने को नियमित करें निगरानी: सीएमओ

हल्द्वानी(आरएनएस)। हल्द्वानी ब्लॉक की आशा सुगमकर्ता, एएनएम एवं पीएचएम की बैठक कैंप कार्यालय हल्द्वानी में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. हरीश चंद्र पंत ने जानकारी दी कि जनपद में घर पर प्रसव को पूरी तरह शून्य करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्तर के अधिकारी गर्भवती महिलाओं से फोन और घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए काउंसलिंग दी जा रही है। सीएमओ ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूरस्थ क्षेत्रों में आशा और एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी की जाए। आगामी महीनों में घर पर प्रसव को शून्य करने के लक्ष्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को स्वयं भी गर्भवती महिलाओं से संपर्क कर उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत एसीएमओ डॉ. चंद्रा पंत और डॉ. श्वेता भंडारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैलपड़ाव में एएनएम, आशा, आशा सुगमकर्ता, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सभी कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन गर्भवती महिलाओं से फोन या वीएचएनडी के माध्यम से संपर्क स्थापित कर नियमित सूचना उपलब्ध कराएं।

## चारधाम यात्रा से पहले सड़कों की बदहाली पर होटल व्यवसायियों में आक्रोश

उत्तरकाशी(आरएनएस)। होटल एसोसिएशन से जुड़े यात्रा व्यवसायियों ने सीजन से पहले सड़कों की स्थिति में सुधार न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। होटल व्यवसायियों का कहना है कि बीआरओ गंगोत्री हाईवे की स्थिति में सुधार नहीं कर पा रहा है। उन्होंने सड़क निर्माण और रखरखाव का कार्य बीआरओ से हटाकर लोनिव को हस्तांतरित करने की मांग उठाई है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा और सचिव सुभाष कुमाई ने बताया कि गंगोत्री हाईवे धरासू लेकर गंगोत्री तक जगह-जगह क्षतिग्रस्त और उबड़-खाबड़ हालत में है। भटवाड़ी से लेकर सोनगाड, धराली तक मार्ग पर भूस्खलन जोन बेहद खतरनाक बने हैं और रोड संकरी होने से आवागमन मुश्किल बना है। चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है लेकिन धरातल पर तैयारी अधूरी है। उन्होंने कहा कि बीआरओ से सड़क निर्माण और मरम्मत का कार्य लोनिवि को हस्तांतरित किया जाना चाहिए। इस संबंध में गत दिवस जनपद भ्रमण पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को भी ज्ञापन सौंपा गया जिसमें होटल व्यवसायियों ने यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। मार्ग पर जगह-जगह लगाए गए पुलिस बैरियरों को हटाने की मांग करते हुए कहा कि इससे यातायात बाधित होता है और यात्रियों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है।

## मोहनखाल-कंसारी सड़क की नहीं की मरम्मत, ठेकेदार का अनुबंध निरस्त

चमोली(आरएनएस)। पोखरी विकास खंड में मोहनखाल-ताली-कंसारी (60 किमी) सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू न करने पर पीएमजीएसवाई ने ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर दिया है। अब दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी जिसके बाद डामर बिछाने के साथ ही मरम्मत का कार्य शुरू होगा। मोहनखाल से ही सड़क बदहाल स्थिति में है। ब्राह्मण थाला गांव में देवी प्रसाद थपलियाल के घर के पीछे सड़क पर जल भराव हो रहा है। बुडाकट्टा और चोपतापातल में एस बैंड के पास पुश्ते टूटे हैं साथ ही नाली का निर्माण भी नहीं किया गया है जिससे बारिश का पानी आबादी क्षेत्र में घुस रहा है। ग्राम प्रधान थाला ब्राह्मणगांव दीपक थपलियाल का कहना है कि कई वर्षों से सड़क सुधारने की मांग की जा रही है। तहसील दिवस में भी यह मांग उठाई गई। मगर सड़क की मरम्मत नहीं की गई। वहीं ताली गांव में पुलिया के बीच में छेद हो गया है। अस्पताल भवन के नीचे और भूतनाथ मंदिर के समीप भी सड़क पर दलदल की स्थिति है। वहीं पीएमजीएसवाई के ईई मदनमोहन बिजल्वाण ने बताया कि सड़क की मरम्मत का कार्य न करने पर ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर दिया गया है।

## बीडीसी बैठकों का वार्षिक रोस्टर जारी, 15 ब्लॉकों के लिए तिथियां तय

पौड़ी(आरएनएस)। जनपद में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बीडीसी बैठकों का रोस्टर जारी किया गया है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने 15 विकास खंडों में वर्षभर आयोजित होने वाली चार-चार बैठकों की तिथियां निर्धारित करते हुए प्रत्येक बैठक में अनिवार्य उपस्थिति के लिए नोडल अधिकारी नामित किए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में क्षेत्र पंचायत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बैठकों के सुचारु संचालन और प्रभावी परिणाम के लिए यह रोस्टर तैयार किया गया है। रोस्टर के अनुसार जिला विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं परियोजना निदेशक (डीआरडीए) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ये अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठकों में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी भी किसी भी बैठक में शामिल हो सकते हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि बीडीसी बैठक की सूचना क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों, संबंधित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों और विभागीय अधिकारियों को कम से कम 15 दिन पूर्व देना अनिवार्य होगा।

## सांसद भट्ट ने गौला पुल और एप्रोच रोड का किया औचक निरीक्षण

हल्द्वानी(आरएनएस)। स्थानीय सांसद अजय भट्ट ने गुरुवार को गौला पुल के सुरक्षात्मक निर्माण कार्य और उससे जुड़ी एप्रोच रोड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शेरनाला में निर्माणाधीन आरसीसी मोटर पुल के कार्यों की प्रगति भी देखी और अधिकारियों को मानसून से पहले निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सांसद ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि शेरनाला पुल का शेष कार्य 25 जून तक पूरा कर लिया जाए, ताकि बरसात से पहले यातायात सुचारु किया जा सके। उन्होंने निर्माण कार्य तय समयसीमा और गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया। सांसद ने बताया कि शेरनाला में 8 करोड़ 92 लाख 2 हजार रुपये की लागत से आरसीसी कंक्रीट मोटर पुल का निर्माण कराया जा रहा है, जो क्षेत्र की महत्वपूर्ण ड्रीम परियोजनाओं में शामिल है।

## रेलवे स्टेशन निर्माण में खामियां उजागर, मुख्य अभियंता ने लगाई फटकार

कोटद्वार(आरएनएस)। मुख्य अभियंता अश्वनी कुमार ने कोटद्वार के रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें कई गंभीर खामियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान नाराज मुख्य अभियंता ने निर्माण प्रभारी और कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

इस दौरान प्लेटफॉर्म पर दिव्यांग यात्रियों के लिए बनाए गए शौचालय के रैंप की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। मुख्य अभियंता के निर्देश पर एक स्वस्थ रेलकर्मी द्वारा व्हीलचेयर चढ़ाने का प्रयास किया गया लेकिन रैंप पर व्हीलचेयर नहीं चढ़ सकी। बाद में दूसरे कर्मचारी की मदद से व्हीलचेयर को बमुश्किल ऊपर ले जाया गया। स्टेशन पर स्टेंड-पोस्ट से टोटियां गायब मिलीं जबकि वाटर कूलर मानक से अधिक ऊंचाई पर स्थापित पाया गया। प्लेटफॉर्म की फर्श पर टाइल और पत्थर अव्यवस्थित तरीके से लगे मिले। निर्माणाधीन भवन के भूतल पर स्थित वातानुकूलित प्रतीक्षालय में मानक से अधिक पंखे लगे पाए गए।

शौचालयों में एग्जॉस्ट सिस्टम नहीं मिला और फर्श की टाइलें असमान रूप से लगी हुई पाई गईं। कई स्थानों पर बीम को काटकर उसमें विद्युत फिटिंग की गई थी जो निर्माण मानकों के विपरीत है। इसके अलावा, चौखट और खिड़कियां आड़ा-तिरछा फिट की गई थीं। दीवारों में पुट्टी के बाद दोबारा कटिंग कर बिजली फिटिंग की गई थी। ड्रेनेज सिस्टम भी संतोषजनक नहीं पाया गया और पाइपलाइन अव्यवस्थित तरीके से बिछाई गई थी। ऊपरी मंजिल पर फर्श पर पानी जमा मिला जबकि कुछ स्थानों पर बीम के नीचे दीवार तक नहीं बनाई गई थी। मुख्य अभियंता ने गति शक्ति यूनिट प्रभारी और कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों से नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी खामियों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्टेशन परिसर के बाहर स्थित बुकिंग कार्यालय को शीघ्र नए भवन में स्थानांतरित करने और बाहरी हिस्से में निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। स्टेशन के बाहर बनीं दुकानों को हटाने के संबंध में पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि इस बाबत पौड़ी प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दिल्ली और मुरादाबाद से आए रेलवे अधिकारी तथा कोटद्वार स्टेशन अधीक्षक भी मौजूद रहे।

## सू- दोकू क्र.097

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.96 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# शैलजा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भूला हुआ बल याद दिलवाने आई हैंः धस्माना

संवाददाता

कोटद्वार। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा आज उत्तराखंड में जामवंत की भूमिका में है।

आज यहां कोटद्वार जिले के कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से खचा खच भरा सभागार उस वक्त तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा आज उत्तराखंड में जामवंत की भूमिका में हैं जो पार्टी के कार्यकर्ताओं को उनकी भूली हुई शक्ति व सामर्थ्य को याद दिला रही हैं जिस प्रकार राम रावण युद्ध के समय जामवंत ने हनुमान को उनका बल याद दिलवाया था यह चौपाई बोल कर 'कई रीछपति सुन हनुमाना का चुप साधी रहेऊ बलवाना पवन तनय बल पवन समाना बुद्धि विवेक विज्ञान निधाना। कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहीं होई तात तुम पाहि। राम काज लगी तब अवतारा सुनतही भयहू पर्वताकारा। धस्माना ने कहा कि हनुमान रूपी कांग्रेस कार्यकर्ता राम काज यानी दरिद्र नारायण के आम आदमी के गरीबों के किसानों के वंचितों के हित के लिए अपनी ताकत और संघर्ष का सदुपयोग करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में कुमारी शैलजा ने कहा कि सभी को एक जुट हो कर जन विरोधी युवा विरोधी महिला विरोधी विकास विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व मंत्री डॉक्टर हरक सिंह रावत व पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी समेत वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।




# चारधाम यात्राः आज शाम से खुलेगी केदारनाथ हेली टिकट की बुकिंग

हमारे संवाददाता

देहरादून। केदारनाथ हेली सेवा 2026 के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। 22 अप्रैल से 15 जून तक की यात्रा के टिकट आईआरसीटीसी वेबसाइट पर आज शाम से बुकिंग प्रकिया शुरू हो जाएगी।

केदारनाथ यात्रा 2026 के लिए हेलीकॉप्टर सर्विस के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया आज शनिवार, 11 अप्रैल को शाम 6 बजे से शुरू होगी। केदारनाथ यात्रा पर आने की तैयारी कर रहे तीर्थयात्री आज से ही आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन हेली बुकिंग कर सकते हैं। ऐसे में यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे समय पर तैयार रहें, क्योंकि टिकट कुछ ही मिनटों में फुल हो सकते हैं। पहले चरण में 22 अप्रैल से 15 जून 2026 तक की यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर टिकट उपलब्ध होंगे। इसके बाद दूसरे चरण में आगे की तारीखों के लिए बुकिंग खोली जाएगी।



## कैंट में बैसाखी महोत्सव की धूम, युवा...

◄◄ पृष्ठ 2 का शेष

यमुना कॉलोनी ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्य कौशल, धामावाला ब्लॉक अध्यक्ष अनीस कुमार, डालनवाला ब्लॉक अध्यक्ष त्रिशित नेगी, कॉवली ब्लॉक अध्यक्ष रोहित मित्तल, कावली ब्लॉक उपाध्यक्ष आसिफ कुरैशी, पटेल नगर ब्लॉक उपाध्यक्ष तरुण सोनी, अभिषेक मेहता, कृष्णा मारवाह, प्राचल नोनी, सिमरन पंवार, रिया राणा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी व राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉ राकेश भट्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, संयोजक अभिनव थापर, राष्ट्रीय संचार सचिव वैभव वालिया, वरिष्ठ प्रवक्ता गरिमा दसौनी, पूर्व पार्षद चरनजीत कौशल, पार्षद संगीता गुप्ता, पार्षद अभिषेक तिवारी, पिया थापा, प्रेमनगर अध्यक्ष मोहित ग्रोवर, मोहन काला, मोहित मेहता, सुमित खन्ना, अमृता कौशल, सन्नी पुंज, राजेश शर्मा, नवीन रमोला, अवधेश कुमार, सौरभ शर्मा, हेमंत माटा, संजय भारती, अंजू भारती, स्वाति नेगी, वंदना राही, मंजू त्रिपाठी, गिरिराज हिन्दवान, पार्षदगण, पूर्व पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष एवं कैंट विधानसभा के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक एवं उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# युवा राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्तिः धामी

संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डीएवी पीजी कॉलेज, में आयोजित छात्रसंघ समारोह में प्रतिभाग करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि युवा केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी हैं। उनकी ऊर्जा, संकल्प और नवाचार की सोच ही भारत के विकास की दिशा निर्धारित करती है। उन्होंने छात्र राजनीति को नेतृत्व विकास, संगठन क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे संगठनों से जुड़कर युवाओं में राष्ट्र सेवा, चरित्र निर्माण और सामाजिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता, शिक्षा संस्थानों से लेकर देश की सीमाओं तक राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण करना भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में युवाओं को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें 'मेक इन इंडिया', डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसी पहलें शामिल हैं, जिन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही, साइंस सिटी और एस्ट्रो पार्क जैसे परियोजनाओं के माध्यम से वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। 9 नए महाविद्यालयों की स्थापना, 20 मॉडल कॉलेजों का निर्माण, महिला छात्रावास, आईटी लैब एवं परीक्षा भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए नई भर्तियां भी की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के हितों की रक्षा के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्राप्त हुई हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डीएवी पीजी कॉलेज के अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शैक्षणिक ब्लॉक की छत पर दो अतिरिक्त तल (प्रथम एवं द्वितीय) के निर्माण की घोषणा भी की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, रामसिंह कैड़ा, विधायक उमेश कुमार, प्राचार्य डी.ए.वी पीजी कॉलेज प्रो. कौशल कुमार, छात्र संघ अध्यक्ष ऋषभ मल्होत्रा, महामंत्री करन नेगी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर कांग्रेस का हमला, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता



देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बिगड़ती स्थिति को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

आज यहां महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बिगड़ती स्थिति को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने किया, जिन्होंने विभिन्न समस्याओं पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग उठाई। लालचन्द शर्मा ने कहा कि देहरादून के बड़े सरकारी अस्पतालों से लेकर दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों के हेल्थ सेंटरों तक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हालत चिंताजनक बनी हुई है और आम जनता लंबे समय से इसका खामियाजा भुगत रही है। ज्ञापन में दून, कोरोनेशन और गांधी शताब्दी जैसे प्रमुख अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी को प्रमुख समस्या बताया गया। न्यूरोसर्जन, कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञ और अन्य विशेषज्ञों के अभाव में मरीजों को या तो ।प्डै तौंपामी भेजा जाता है या फिर निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ता है। अस्पतालों में पंजीकरण काउंटरों की कमी के कारण सुबह से ही लंबी कतारें लगती हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 10 से 20 दिनों तक की लंबी वेटिंग भी चिंता का विषय बनी हुई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता होने के बावजूद मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं खरीदने को मजबूर किया जाता है। साथ ही बायोप्सी, एमआरआई और कैंसर जांच जैसी जरूरी सुविधाओं की कमी के चलते मरीजों को निजी लैब्स का सहारा लेना पड़ता है। आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर कांग्रेस ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण देने की मांग की। साथ ही यात्रा मार्ग पर हर 20 किलोमीटर पर हेल्थ एटीएम और ऑक्सीजन बेड से लैस रिलीफ पोस्ट स्थापित करने का सुझाव दिया गया। ज्ञापन में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को 3-4 महीने तक वेतन न मिलने, वेतन विसंगतियों और कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी को लेकर भी नाराजगी जताई गई। साथ ही अस्पताल स्टाफ के संवेदनशील व्यवहार और सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। देहरादून में डेंगू की दस्तक को देखते हुए कांग्रेस ने स्वास्थ्य विभाग को तत्काल अलर्ट जारी करने, फॉगिंग और लार्वा नियंत्रण अभियान तेज करने तथा ब्लड बैंकों में प्लेटलेट्स की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन में प्रेमनगर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष रूप से मुद्दे उठाए गए। ज्ञापन में अस्पतालों में रेबीज के इंजेक्शन की कमी को गंभीर बताते हुए इसकी तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। कांग्रेस ने डिजिटल क्यू-मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने, प्रिस्क्रिप्शन ऑडिट सेल बनाने, नाइट शिफ्ट में डायग्नोस्टिक्स सेवाएं शुरू करने, आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन जैसे कई रचनात्मक सुझाव भी सरकार के सामने रखे। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक राजकुमार, राजीव पुंज, राजेश शर्मा और दीप बोहरा सहित अन्य नेता शामिल रहे।

# कांग्रेस की असली 'अग्नि परीक्षा'

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। विधानसभा 2027 का चुनाव अभी दूर है, लेकिन कांग्रेस की असली अग्नि परीक्षा अभी से शुरू हो गई है। कांग्रेस पार्टी के मंचों पर यह सवाल यह नहीं उठ रहा है कि भाजपा को कैसे हराना है, इस बार पर ज्यादा चर्चा हो रही है कि वह नेता फिर नाराज हो गया। अब सवाल यह है कि कांग्रेस के अंदर चल रहे द्वंद को कैसे खत्म किया जाए। इस पर मंथन के बजाय नेतृत्व की बात पर चर्चा ज्यादा हो रही है।

चुनावी साल में राजनीति के कई रंग देखने को मिलते हैं। खासकर अगर विधनसभा का चुनाव हो तो उस समय आंतरिक द्वंद, विरोधाभास, अंतरकलह, दल-बदल और अन्य कई ऐसे चोचले दिखते हैं, जिससे जनता दलों के दलदल को समझने में पीछे नहीं रहती है। यहां खासकर कांग्रेस की हो रही है। यह कहा जाए कि कांग्रेस इस समय अग्नि परीक्षा के दौर से गुजर रही है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

बता दें कि कांग्रेस पार्टी में सब ठीक नहीं है। यह पार्टी के अंदर चल रहे घटनाक्रम से साफ हो गया है। हरदा के राजनैतिक अवकाश, पीसीसी का गठन नहीं होना, पार्टी में दूसरे दलों को शामिल करवाने से लेकर कई अन्य कारणों से कांग्रेस में गुटबाजी सामने आयी है। कांग्रेस के लिए चुनावी साल में पार्टी के अंदर घमासान से अग्नि परीक्षा के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इसके बाद भी नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी में सब ठीक है।

कांग्रेस पार्टी के अंदर कुछ ठीक नहीं है। क्योंकि राजनीति में उपवास हमेशा नैतिक दबाव का हथियार रहा है। लेकिन यहां सवाल उठता है यह आत्ममंथन था या संगठन पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश है। जब एक वरिष्ठ नेता बार-बार सार्वजनिक मंचों से अपनी ही पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, तो यह सुधार की प्रक्रिया कम और शक्ति प्रदर्शन ज्यादा लगने लगता है। वही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी में सब ठीक हो जाएगा, लेकिन कोई भी साफ-साफ यह नहीं कह रहा कि समस्या क्या है। क्योंकि समस्या का नाम लेना, शायद सबसे मुश्किल काम है।

दूसरी ओर, उत्तराखंड दौरे पर पहुंची कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शैलजा ने दावा किया कि उत्तराखंड कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। पार्टी के अंदर सब कुछ जल्द ठीक हो पाएगा। यदि किसी की नाराजगी भी है तो पार्टी फोरम पर उसे भी दूर किया जाएगा और सबको समझा भी लिया जाएगा। कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ेगी और निश्चित रूप से बीजेपी को हराकर जीत भी दर्ज करेगी।



❑कांग्रेस के अंदर चल रहे द्वंद को खत्म करने की बड़ी चुनौती
❑भाजपा को हराने की रणनीति कम, कांग्रेस के द्वंद्व पर चर्चा
❑कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शैलजा का दावा, संपर्क में कई बड़े नेता

### जल्द होगा पीसीसी का गठन

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि जल्द ही उत्तराखंड में पीसीसी यानी प्रदेश कांग्रेस कमेटी का गठन होगा। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने भी पीसीसी का गठन करने की बात सार्वजनिक मंच पर कही है। कांग्रेस की जितनी भी कमजोर इकाइयां है, उन्हें मजबूत किया जाएगा।

# पीएम के दौरे को लेकर अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखण्ड दौरे की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड, गढ़ी कैंट तक तैयारियों को परखा।

आज यहां मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ एवं शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखण्ड दौरे की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड, गढ़ी कैंट तक तैयारियों को परखा।



मुख्य सचिव ने सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को पीएम दौरे के दौरान सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार किए जाने की बात कही। मीडिया से अनौपचारिक वार्ता के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के बनने से एक ओर दिल्ली एनसीआर से देहरादून पहुँचने का समय कम होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, चारधाम यात्रा के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर इससे आर्थिक गतिविधियों को भी बूस्ट मिलेगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल एवं नगर आयुक्त श्रीमती नमामी बंसल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# वीवीआईपी ड्यूटी के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को किया अवमुक्त

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। प्रधानमंत्री भारत सरकार का 14 अप्रैल को देहरादून में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आयुक्त गढ़वाल मंडल के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद के पांच प्रशासनिक अधिकारियों को अवमुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि अपर जिलाधिकारी प्रशासन फिंचाराम चौहान, डिप्टी कलेक्टर/विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी आकाश जोशी, उपजिलाधिकारी लक्सर सौरव असवाल, सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान एवं उपजिलाधिकारी भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी को वीवीआईपी ड्यूटी हेतु देहरादून के लिए अवमुक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। वीवीआईपी कार्यक्रम के प्रारंभ होने से कार्यक्रम की समाप्ति तक जनपद देहरादून में तैनात रहेंगे तथा अपनी योगदान आख्या 11अप्रैल 2026 की सांय तक जिलाधिकारी देहरादून को देना सुनिश्चित करें।

# डीएम के आदेश, 14 अप्रैल को लच्छीवाला व आशा रोडी बैरियर रहेगा टोल मुक्त

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी सविन बसंल ने लच्छीवाला टोल प्लाजा को 14 अप्रैल को प्रातः 5 बजे से सांय 8 बजे तक खुला रखने के आदेश दिए।

आज यहां देहरादून दिल्ली एक्सप्रेस वे के लोकार्पण एवं देहरादून में जसवंत सिंह ग्राउंड गढी कैंट परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम में भारी संख्या में जनमानस के प्रतिभाग करने की संभावना के दृष्टिगत जिला प्रशासन देहरादून चाक चौबंद व्यवस्थाएं करने में जुटा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आने वाले वाहनों शहर तथा आसपास जाम की स्थिति न बने इसके लिए



जिलाधिकारी ने लच्छीवाला टोल प्लाजा को 14 अप्रैल को प्रातः 5 बजे से सांय 8 बजे तक खुला रखने के आदेश दिए। जिसके फलस्वरुप इस दौरान किसी भी निजी, कमर्शियल व अन्य वाहनों का टोल टैक्स नहीं काटा जाएगा। मंगलवार प्रातः 05 बजे से लेकर शाम 08 बजे तक टोल प्लाजा से वाहनों का निःशुल्क आवागमन रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा टोल प्लाजा को निःशुल्क रखने के आदेश दिए हैं । माननीय प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सीमावर्ती व पर्वतीय जनपदों से बसे एवं निजी वाहनों के अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पहुंचने की संभावना के चलते टोल प्लाजा पर जाम की स्थिति न बने तथा शहर को जाममुक्त रखने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये जाने को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुबह 05 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक टोल प्लाजा को निःशुल्क रूप से खुला रखने के आदेश दिए हैं । इस अवधि में फास्ट टैग से भी किसी प्रकार का कोई टोल नहीं वसूला जाएगा है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 33 वाहन चालकों को किया गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार चलाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले 33 वाहन चालकों को गिरफ्तार किया।

आज यहां मुख्यमंत्री उत्तराखंड के निर्देशों पर अपराधियों के विरूद्ध सम्पूर्ण राज्य में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है, जिसके अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में दून पुलिस द्वारा लगातार सघन चौकिंग अभियान चलाते हुए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में रात्रि एसएसपी के निर्देशों पर संदिग्धों की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण/यातायात के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में सघन चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रात्रि में घूम रहे 1500 से अधिक व्यक्तियों से पुलिस द्वारा मौके पर पूछताछ करते उनके सत्यापन की कार्रवाई की गयी तथा अलग-अलग थाना क्षेत्र में नियमो का उल्लंघन करने पर कुल 171 व्यक्तियों के 81 पुलिस एक्ट में चालान कर कुल 42750 रूपये



का जुर्माना वसूला गया, इस दौरान पुलिस द्वारा 05 संदिग्ध व्यक्तियों को 172 में हिरासत में लेकर थाने लाया गया, जिनसे आवश्यक पूछताछ कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 33 वाहन चालकों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार करते हुए संबंधित वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 125 वाहन चालकों के एमवी एक्ट में चालान कर 67500 रूपये का जुर्माना वसूला गया तथा 20 वाहन चालकों के मा0 न्यायालय के चालान कर यातायात नियमों के उल्लंघन पर 42 वाहनों को सीज किया गया।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*